रामलीला मैदान छोड़ ईदगाह के पास निर्माण से ग्रामीणों में आक्रोश

मोहनलालगंज। सिसेंडी गांव में प्राचीन रामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण और निर्माण कार्य को लेकर बृहस्पतिवार को जमकर हंगामा हुआ। गांव के बीचोंबीच स्थित वर्षों पुराने ऐतिहासिक रामलीला मैदान को छोड़कर गांव के बाहर ईदगाह के पास सरकारी खेल मैदान में रामलीला मैदान का निर्माण शुरू कराए जाने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और निर्माण कार्य का विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने राजस्व विभाग की टीम और निर्माण कार्य कराने पहुंचे ठेकेदार को घेरकर जमकर नाराजगी जताई। विरोध और हंगामे के चलते मौके पर काम शुरू नहीं हो सका और राजस्वकर्मियों समेत ठेकेदार को बैरंग लौटना पड़ा।ग्रामीणों का कहना है कि सिसेंडी गांव का प्राचीन रामलीला मैदान लंबे समय से धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र रहा है। इसी मैदान में वर्षों से परंपरागत रूप से रामलीला का आयोजन होता आ रहा है। मैदान के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए शासन की ओर से करीब डेढ़ करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि इस धनराशि से पुराने रामलीला मैदान का कायाकल्प होगा और वहां दर्शकों के बैठने, मंच, प्रकाश व्यवस्था समेत अन्य जरूरी सुविधाओं का विकास कराया जाएगा। ग्रामीणों ने मांग की कि सरकारी धनराशि का उपयोग उसी प्राचीन रामलीला मैदान के विकास पर किया जाए, जहां वर्षों से रामलीला का आयोजन होता रहा है।बृहस्पतिवार को निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए राजस्व विभाग के कर्मचारी और ठेकेदार मौके पर पहुंचे तो ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब गांव में वर्षों पुराना रामलीला मैदान मौजूद है तो उसे छोड़कर दूसरी जगह निर्माण कराने का निर्णय किस आधार पर लिया गया। इस दौरान ग्रामीणों और मौके पर मौजूद कर्मचारियों के बीच काफी देर तक कहासुनी होती रही। ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे और पुराने रामलीला मैदान का ही सौंदर्यीकरण कराने की बात कही। विरोध बढ़ता देख मौके पर मौजूद राजस्वकर्मियों और ठेकेदार को बिना निर्माण कार्य कराए ही वापस लौटना पड़ा।इस मामले में खंड विकास अधिकारी शिवकुमार ने बताया कि गांव में रामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण के लिए बजट आया है। हालांकि, बृहस्पतिवार को किस स्थान पर और किस तरह का निर्माण कार्य कराया जा रहा था, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। फिलहाल सिसेंडी गांव में रामलीला मैदान के निर्माण और सौंदर्यीकरण को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि निर्माण कार्य शुरू कराने से पहले पुराने रामलीला मैदान और प्रस्तावित नए स्थल के राजस्व अभिलेखों की जांच कराई जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाए कि करीब डेढ़ करोड़ रुपये की धनराशि किस स्थान के विकास के लिए स्वीकृत की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक स्थिति स्पष्ट नहीं होती, तब तक दूसरे स्थान पर निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा।

आवासीय सोसायटी में शुद्ध पानी के लिये तरसें लोग लोगों

लखनऊ। राजधानी में बीते चार दिन तक पानी की आपूर्ति प्रभावित होने से बीबीडी स्थित सनब्रीज वन सोसायटी के लोग बेहाल रहे।फ्लैट में रहने वाले लोगों ने पानी की आपूर्ति नियमित न होने, स्वीमिंग पूल के पानी की आपूर्ति किये जाने पर आक्रोश जताया।साथ ही दूसरी वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने की आरडब्ल्यूए से मांग की है।इस सोसायटी में करीब 776 फ्लैट और दो हजार से अधिक लोग रह रहे हैं।सोसाइटी के विशेष राज के मुताबिक छोटी दीपावली से बुधवार रात करीब आठ बजे तक पानी की आपूर्ति दुरुस्त नहीं हुई थी।उसके बाद मोटर पंप बनवाकर आपूर्ति सामान्य की जा सकी।आरडब्ल्यूए की ओर से पानी की कोई वैकल्पिक व्यवस्था न होने से लोगों में नाराजगी है। आरोप है कि आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने तीन दिन तक स्वीमिंग पूल व टैंक मंगवाकर पानी की आपूर्ति करवायी। वहीं ज्यादातर फ्लैट मालिकों ने पानी के जार मंगवाकर अपनी जरुरतें पूरी किया। स्थानीय निवासी राकेश मिश्रा ने बताया कि पानी की समस्या थी,लेकिन अब पानी की आपूर्ति सामान्य हो गई है।

अभ्यर्थियों ने निदेशालय का घेराव कर नियुक्ति पत्र देने की मांग की



लखनऊ। राजधानी के न्यू हैदराबाद स्थित आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय में गुरुवार को सहायक लेखाकार एवं लेखा परीक्षक भर्ती–2023 के चयनित अभ्यर्थियों ने सह–निदेशक का घेराव किया। नियुक्ति में देरी से नाराज अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप कर 1643 चयनित युवाओं को जल्द नियुक्ति दिलाने की मांग की। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने 12 अगस्त 2026 को भर्ती का अंतिम परिणाम घोषित किया था। करीब तीन महीने बीतने के बाद भी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र नहीं मिले हैं। अभ्यर्थियों के मुताबिक स्वास्थ्य परीक्षण और पुलिस सत्यापन की प्रक्रिया भी करीब एक महीने पहले पूरी हो चुकी है। इसके बावजूद नियुक्ति प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ रही है। अभ्यर्थियों ने बताया कि विज्ञप्ति के तहत 20 फरवरी से 11 मार्च 2024 तक आवेदन लिए गए थे। मुख्य परीक्षा 16 फरवरी 2025 को आयोजित हुई थी। लंबी चयन प्रक्रिया के बाद नौकरी की उम्मीद जगी, लेकिन नियुक्ति में देरी से परिवारों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति प्रभावित हो रही है। अभ्यर्थियों का आरोप है कि निदेशालय दस्तावेज सत्यापन पूरा होने के बाद ही नियुक्ति देने की बात कह रहा है। जबकि दूसरे विभागों में स्वास्थ्य परीक्षण के बाद नियुक्ति देकर परिवीक्षा अवधि में दस्तावेज सत्यापन कराया जाता है। उनका सवाल है कि जरूरी जांच पूरी होने के बाद भी नियुक्ति अनिश्चितकाल तक क्यों रोकी जा रही है? चयनित अभ्यर्थी मुख्यमंत्री के जनता दरबार के अलावा उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना को भी अपनी समस्या बता चुके हैं। अब उन्होंने मुख्यमंत्री से निदेशालय को समयबद्ध नियुक्ति के निर्देश देने और परिवीक्षा अवधि में दस्तावेज सत्यापन कराने पर विचार करने की अपील की है। अभ्यर्थियों को उम्मीद है कि जल्द नियुक्ति मिलने से 1643 युवाओं और उनके परिवारों को राहत मिलेगी।

पत्रीजी जीवन अमृत महोत्सव शुरू

लखनऊ। नैमिषारण्य में पत्री जी जीवन अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उत्सव में सूरत,मुंबई, बलसाड़ समेत देशभर के करीब तीन सौ ध्यान मास्टर शरीक होने पहुंचे हैं।कल से शुरू हुए इस समारोह में 14 नवम्बर तक ध्यान, साधना,सत्संग और सेवा के कार्यक्रम होने हैं। समारोह में सीनियर पिरामिड मास्टर दीप्ति नडेला यानि दीप्ति अम्मा जीवन मे ध्यान और शांति के बारे में लोगों को मार्गदर्शन देंगी। आज कार्यक्रम में लखनऊ के एक पुलिस हवलदार का अनुभव प्रेरणादायक रहा।यहाँ मेडिटेशन के साथ दूसरों की सहायता भी सिखाई जाती है। आयोजकों ने बताया कि ध्यान केवल अपने लिये नही समाज की शान्ति और सेवा के लिए है।

राम जन्मभूमि तक सीमित नहीं था अशोक सिंघल का चिंतन

लखनऊ। हिंदू समाज के जागरण और राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में अतुलनीय योगदान योगदान देने वाले अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष के स्मरण कार्यक्रम में उनके विचारों, सामाजिक योगदान और राम जन्मभूमि आंदोलन में उनकी भूमिका का स्मरण किया गया। इससे पहले श्री दुर्गा जी मन्दिर धर्म जागरण एवं सेवा समिति शास्त्री नगर के तत्वावधान में हुये इस कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े रहे चंपत राय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद सहित विभिन्न संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये चंपत राय ने अशोक सिंघल के जीवन पर प्रकाश डालते हुये बताया कि अशोक सिंघल



का चिंतन केवल राम जन्मभूमि तक सीमित नहीं था। युवाओं को विहिप से जोड़ा और बजरंग दल के जरिए उन्हें संगठित किया। बीएचयू में पढ़ाई के दौरान एक स्वप्न के बाद अशोक सिंघल ने पढ़ाई छोड़ दी थी और 1950 में संघ के प्रचारक बन गए। करीब 18 साल तक अलग–अलग स्थानों पर संघ का काम किया। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) से जुडने के बाद उन्होंने धर्म संसद की शुरुआत की। अप्रैल 1984 में दिल्ली के विज्ञान भवन में पहली धर्म संसद हुई, जिसमें करीब 600 संत शामिल हुए और राम जन्मभूमि मुक्ति का प्रस्ताव पारित हुआ था।

कुर्आन शरीफ हिफ्ज़ करना बड़ी सआदत- मौलाना खालिद

लखनऊ। परवरदिगार–ए–कायनात की आखिरी किताब कुर्आन शरीफ को याद करना हर मुसलमान के लिये नि:संदेह बहुत बड़ी सआदत और अल्लाह की नेमत है। अल्लाह तआला का यह पवित्र कलाम आखिरी पैगंबर हजरत मुहम्मद मुस्तफा पर हजरत जिब्रील के माध्यम से अवतरित हुआ।इस मुबारक कलाम की तिलावत करने और इसे याद करने का बहुत बड़ा सवाब है।वो लोग बड़े खुशनसीब और सम्मान के पात्र हैं, जिनके सीने में कुर्आन शरीफ महफूज है।इन विचारों को दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल के नाजिम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली इमाम ईदगाह लखनऊ ने व्यक्त किया।वह आज दारुल उलूम के छात्र अरीब अहमद उस्मानी पुत्र की तकमील–ए–हिफ्ज–ए–कुर्आन की तकरीब में विचार व्यक्त कर रहे थे।मौलाना ने अरीब और उनके माता–पिता को इस मुबारक मौके पर दिली मुबारकबाद पेश की।उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे पूरी लगन और मेहनत के साथ कुर्आन मजीद को याद करें।मौलाना ने कहा कि कुर्आन शरीफ इस्लामी शरीअत का बुनियादी स्रोत है।इसलिए हर मोमिन की जिम्मेदारी है कि वह कुरआन के आदेशों और शिक्षाओं को जाने तथा उन पर अमल करे।मौलाना ने कहा कि उलमा–ए–फरंगी महल के पूर्वज उस्तादुल हिंद अल्लामा निजामुद्दीन मुहम्मद फरंगी महली संस्थापक दर्स–ए–निजामी ने 1701 ईस्वी में दारुल उलूम फरंगी महल की स्थापना की थी।

बाल दिवस पर माता पिता के साथ मंच पर देंगे परफॉर्मेंस

लखनऊ।हिंदुस्तान का संगीतस्तान' को सही मायने में साबित करते हुए ज़ी टीवी का 'सा रे गा मा पा 2026' अपने टैगलाइन 'भारतीय संगीत की खूबसूरती को दर्शकों तक पहुंचा रहा है। साथ ही, देशभर के टैलेंटेड सिंगर्स को अपनी आवाज और हुनर दिखाने का मौका भी दे रहा है। इस हफ्ते शो में दो खास मौके एक साथ देखने को मिलेंगे। पहला, चिल्ड्रन्स डे के मौके पर एक खास म्यूजिकल एपिसोड, जिसमें कंटेस्टेंट्स अपने माता पिता के साथ मंच पर परफॉर्म करते नजर आएंगे। दूसरा, मुकाबले का एक बड़ा पड़ाव शुरू होने जा रहा है, क्योंकि अब 'टॉप 10 = सुरों की जंग' का आगाज होगा।

काकोरी- घायल की पांच दिन बाद मौत

काकोरी। राजधानी लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिगहू गांव में रविवार सुबह बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। लाठी–डंडों से हुई मारपीट में एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां पर गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति का 5 दिन बाद इलाज के दौरान ब्रहस्पतिवार को मौत हो गई । पुलिस ने घटना में शामिल तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 08:30 बजे बिगहू गांव में बच्चों के खेल–खेल में हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया। देखते ही देखते दोनों पक्ष भी आपस में भिड़ गए। एक तरफ से नरेंद्र कुमार और आसाराम 40 पुत्रगण बंशीलाल रावत थे, वहीं दूसरी तरफ से रजनू, राहुल, सचिन और सर्वजीत पुत्रगण कुशहर थे। झड़प के दौरान 40 वर्षीय आसाराम पर गंभीर हमला किया गया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। खून से लथपथ आसाराम को परिजन तत्काल पास के आम्रपाली अस्पताल, दुबग्गा ले गए जहां पर प्राथमिक इलाज के बाद गम्भीर हालत में डाक्टरों ने ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया जहां पर पांच दिन बाद इलाज के दौरान बृहस्पतिवार को मौत हो गई । घटना के बाद पीड़ित पक्ष के नरेंद्र कुमार की लिखित तहरीर पर काकोरी पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद तीन आरोपियों—रजनू, सचिन और राहुल को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

पेड़ से लटक कर युवक ने की आत्महत्या

इटौंजा। महिंगवा थाना के अंतर्गत गुरुवार को दरियापुर चौराहा के पास चिलवल के पेड़ में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम पंचायत अल्दमपुर के विशंभर खेड़ा निवासी उत्तम उर्फ छोटू उर्फ फक्कड़ 25 वर्ष ने चिलवल के पेड़ में दुपट्टा बांधकर फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने देखा तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। काफी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए।

एक नजर

डीआरएम ने लखनऊ-अयोध्या-कटरा रेलखंड का किया निरीक्षण



लखनऊ–मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ सुनील कुमार वर्मा ने मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लखनऊ–अयोध्या–कटरा रेलखंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन से पहले स्थित रेलवे ओवरब्रिज के नीचे से गुजरने वाली रेल लाइनों का जायजा लिया तथा रेल पटरियों एवं संबंधित रेल संरचनाओं की स्थिति का अवलोकन किया। निरीक्षण के अगले क्रम में मंडल रेल प्रबंधक कटरा रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने स्टेशन मास्टर कक्ष में रेल परिचालन से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ट्रेनों के सुरक्षित एवं सुचारु संचालन, परिचालन संबंधी गतिविधियों तथा कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की।इसके उपरांत मंडल रेल प्रबंधक का आगमन अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर हुआ, जहां उन्होंने स्टेशन परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने स्टेशन के सभी प्रसाधन कक्षों (वॉशरूम), पार्किंग स्थल, यात्री होल्डिंग एरिया, प्रतीक्षालय तथा स्टेशन परिसर के अन्य प्रमुख स्थानों का निरीक्षण कर साफ–सफाई, स्वच्छता एवं रखरखाव की स्थिति देखी। इसके अतिरिक्त स्टेशन पर चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा उनकी प्रगति की जानकारी ली। मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा एवं आवागमन को सुगम बनाने के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने नई वाशिंग लाइन, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) तथा कोचिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

चिकित्सा प्रतिपूर्ति ऑनलाइन हुई तो ठप हो गया बुजुर्गों का इलाज

लखनऊ। बुढ़ापे में बीमारी से जूझ रहे पेंशनरों के लिए सरकार का एक आदेश आफत बन गया है। चिकित्सा प्रतिपूर्ति को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिए जाने से प्रदेश के हजारों वृद्ध पेंशनर इलाज से वंचित हो रहे हैं। भूगर्भ जल विभाग चतुर्थ श्रेणी सेवानिवृत्त कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण बहादुर ने कहा कि रिटायर पेंशनर 75–80 साल से ऊपर के हैं। कई बिस्तर पर हैं, कई को चलने–फिरने में भी तकलीफ है। ऐसे में उनसे ऑनलाइन फॉर्म, अपलोड, ओटीपी की उम्मीद करना उनके साथ क्रूर मजाक है। दर्द बयां करते हुए बोले पेंशनर– हमने जवानी सरकार की सेवा में खपा दी। अब जब शरीर ने साथ छोड़ दिया, तो सरकार ने भी साथ छोड़ दिया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों में अध्यक्ष कृष्ण बहादुर, रामऔतार विश्वकर्मा और उपाध्यक्ष मुन्नाल ने कहा कि ऑनलाइन आदेश के बाद से अधिकांश पेंशनर प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन ही नहीं कर पा रहे। इलाज का पूरा खर्च उन्हें खुद उठाना पड़ रहा है, जिससे उनकी पेंशन ही दवा में खत्म हो रही है।

डालीगंज जैन बाग में तीर्थंकर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया

लखनऊ। राजधानी के डालीगंज स्थित जैन बाग में गुरुवार को तीर्थंकर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। श्री मज्जिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव में तीर्थंकर बालक के जन्म पर धार्मिक अनुष्ठान हुए। अयोध्या नगरी में बधाइयां गूंजीं और श्रद्धालुओं ने नृत्य–संगीत के बीच जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान 1008 कलशों से अभिषेक किया गया। पांच दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव आचार्य 108 सुबल सागर महाराज के ससंघ मंगल सानिध्य में आयोजित हो रहा है। सन्मति रत्न, सिद्धचक्र आराधक और प्रज्ञा श्रमण की उपस्थिति में धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं। जन्म कल्याणक पर सुबह 7 बजे जिनाभिषेक और नित्य आराधना के साथ कार्यक्रम शुरू हुए। इसके बाद अयोध्या नगरी में तीर्थंकर बालक के जन्मोत्सव की खुशियां मनाई गईं। सौधर्म इंद्र सभा और उनके नगरी आगमन का दृश्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद तीर्थंकर बालक को ऐरावत हाथी पर बैठाकर पांडुक वन ले जाया गया। यहां 1008 कलशों से अभिषेक और जन्म कल्याणक पूजन हुआ। धार्मिक प्रस्तुतियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। महोत्सव में आचार्य सुबल सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को दिव्य देशना दी।

डायल 112 की बाइक से टक्कर, होमगार्ड का पैर टूटा, कांस्टेबल घायल

मलिहाबाद। रेलवे क्रॉसिंग की तरफ से रहीमाबाद चौराहे आ रही डायल 112 की बाइक बगिया बाबा मोड़ के पास हीरो स्प्लेंडर की आमने–सामने टक्कर हो गई। हादसे में पीआरबी चालक होमगार्ड राजकुमार का पैर टूट गया, जबकि पीछे बैठे कांस्टेबल उमेश कुमार भी घायल हो गए। बताया गया कि डायल 112 बाइक यूपी 32 डीजी 8222 स्टेशन की तरफ से आ रही थी। बाइक को होमगार्ड राजकुमार पुत्र हेमनाथ निवासी तरौना, थाना रहीमाबाद चला रहे थे तथा पीछे उमेश कुमार कांस्टेबल बैठे थे। तभी बगिया बाबा मोड़ के पास हीरो स्प्लेंडर यूपी 32 पीएच 1097 से टक्कर हो गई। हादसे में राजकुमार और उमेश दोनों रोड पर गिर गए राहगीरों कीसूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को रहीमाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

20 नवंबर को वाल्मीकि समाज का महासम्मेलन

लखनऊ,। वाल्मीकि समाज अपने मान–सम्मान, अधिकार और राजनीतिक भागीदारी के लिए एकजुट होकर आवाज उठाएगा। इसके लिए 20 नवंबर को गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में वाल्मीकि महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। वाल्मीकि महासम्मेलन आयोजन समिति के बैनर तले होने वाले इस आयोजन में देशभर से समाज के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन के जरिए समाज की मांगों को शासन–प्रशासन और राजनीतिक दलों तक पहुंचाया जाएगा। हजरतगंज स्थित प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता के दौरान नरेश बाल्मीकि ने कहा कि वाल्मीकि समाज के पढ़े–लिखे और योग्य युवाओं को उनकी क्षमता के अनुसार अवसर नहीं मिल रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार आरक्षण में उप–वर्गीकरण लागू होना चाहिए। इसके लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष समेत सभी राजनीतिक दलों से तत्काल वर्गीकरण लागू कराने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि समाज के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। महासम्मेलन किसी राजनीतिक दल का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि पूरे वाल्मीकि समाज को एक मंच पर लाने का प्रयास है।

68,500 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने पंकज चौधरी से लगाई गुहार

लखनऊ,। 68500 सहायक अध्यापक भर्ती–2018 में आरक्षण की विसंगतियों को लेकर अभ्यर्थियों का संघर्ष लगातार जारी है। पिछले 73 दिनों से इको गार्डन में धरना दे रहे अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद पंकज चौधरी से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। अभ्यर्थियों ने ज्ञापन सौंपकर आरक्षण संबंधी विसंगतियों को दूर करने और पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष ने मामले के जल्द समाधान का भरोसा दिलाया है। अनवरत धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अभ्यर्थी तूफान सिंह व आशुतोष वर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी पिछले आठ वर्षों से 68,500 शिक्षक भर्ती में आरक्षण संबंधी विसंगतियों को दूर कराने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनकी प्रमुख मांग है कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा जारी आदेशों और संस्तुतियों का अनुपालन करते हुए ओबीसी वर्ग को आरक्षित श्रेणी का लाभ दिया जाए तथा परिणाम संशोधित कर पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की जाए। अभ्यर्थियों ने ओबीसी आरक्षण के साथ दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और उनके आश्रित अभ्यर्थियों को भी नियमानुसार आरक्षण का लाभ देने की मांग उठाई। उनका कहना है कि भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण संबंधी नियमों का पालन सुनिश्चित कर पात्र अभ्यर्थियों के साथ न्याय किया जाना चाहिए। तूफान सिंह ने कहा कि अभ्यर्थी इससे पूर्व प्रदेश सरकार के कई कैबिनेट मंत्रियों, बेसिक शिक्षा विभाग के जिम्मेदार मंत्रियों एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के आवास पर भी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर चुके हैं।

लिखित आश्वासन के बाद आपदा मित्रों का धरना समाप्त

लखनऊ, । उत्तर प्रदेश आपदा मित्र एसोसिएशन के 21 दिन परिवर्तन चौक से विधानसभा मार्च घोषणा के उपरान्त लखनऊ प्रशासन के प्रयास द्वारा जल मंत्री से बातचीत हो पायी। आपदा मित्रों,सखियों के प्रतिनिधिमंडल से साकारात्मक बातचीत हुई परन्तु कोई निर्णय नहीं हो सका। प्रदीप कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष आपदा मित्रों,सखियों एवं आपदा मित्रों, सखियों को ट्रेनिंग देकर बनाए गए, मास्टर ट्रेनर, तरणवीर, अग्नि सचेतक एवं नागरिक सुरक्षा की नियुक्ति, वेतन तब कार्य के लिए इको गार्डेन लखनऊ में अनिश्चितकालीन धरना 21वें दिन उत्तर प्रदेश आपदा एसोसिएशन के बैनर तले जारी रहा।

स्वच्छ सर्वेक्षण में तीसरा स्थान मिलने पर महापौर का स्वागत

लखनऊ। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 में लखनऊ नगर निगम को राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त होने और माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किए जाने के बाद लखनऊ आगमन पर महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल का शहरभर में विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। महापौर के स्वागत के लिए अमौसी एयरपोर्ट, कानपुर रोड, अवध हॉस्पिटल चौराहा, पकरी का पुल, बंगला बाजार चौराहा, केकेसी चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा, बर्लिंगटन चौराहा और भाजपा कार्यालय सहित शहर के प्रमुख स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोकीनाथ हॉल में भी स्वागत कार्यक्रम हुआ। इन कार्यक्रमों में पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, नगर निगम के अधिकारीगण और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पमालाओं एवं आत्मीय अभिनंदन के साथ महापौर का स्वागत किया। आनंद नगर, जेल रोड पर डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर सेवा समिति की ओर से भी स्वागत कार्यक्रम



आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक मलखान यादव जी, अध्यक्ष सूरज रावत , उपाध्यक्ष बृजेश रावत , महामंत्री अमरदीप रावत जी, संगठन मंत्री प्रमोद रावत , वरिष्ठ सदस्य अभिषेक तिवारी एवं कोषाध्यक्ष श्री सर्वेश साहू जी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। **अगले सर्वेक्षण में लखनऊ को देश में प्रथम स्थान दिलाने का लक्ष्य** इस अवसर पर महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 में लखनऊ ने देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। अब हमारा लक्ष्य अगले सर्वेक्षण में देश में प्रथम स्थान हासिल करना है। उन्होंने कहा कि जिन बिंदुओं पर लखनऊ अभी पीछे है, उनमें वेस्ट टू एनर्जी प्रमुख है। अगले छह महीनों में इस दिशा में पूरी ताकत से कार्य किया जाएगा। वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की स्थापना के साथ इस क्षेत्र में भी लखनऊ को आगे बढ़ाया जाएगा।

महापौर ने कहा कि सर्वेक्षण में सामने आने वाली अन्य कमियों को भी पूरी तरह दूर किया जाएगा। मुझे पूरा विश्वास है कि सामूहिक प्रयासों से हम अगले स्वच्छ सर्वेक्षण में लखनऊ को देश में प्रथम स्थान दिलाएंगे। लखनऊ को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के लिए नगर निगम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। महापौर ने इस उपलब्धि के लिए समस्त लखनऊवासियों, कर्मठ सफाई मित्रों, नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे लखनऊ का है।

तीन दिन में उजड़ गया एक परिवार



मलिहाबाद। खड़सरा गांव में तीन दिन के भीतर एक ही परिवार के तीन मासूम बच्चों की मौत से गांव में मातम छा गया। पहले दो बेटों और फिर तीसरे दिन बेटी ने दम तोड़ दिया। बताते चलें कि मलिहाबाद थाना क्षेत्र के खड़सरा गांव निवासी आशीष ने बताया कि 9 तारीख को सबसे छोटे बेटे दिव्यांश (3) को हल्का बुखार आया और दोपहर करीब दो बजे उसकी मौत हो गई। अगले दिन 10 तारीख को दूसरे बेटे कार्तिक 7 को बुखार आया दोपहर दो बजे उसकी भी मौत हो गई। इसके बाद बड़ी बेटी लक्ष्मी (10) की तबीयत बिगड़ी। दुबग्गा के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान तीसरे दिन दोपहर दो बजे उसकी भी मौत हो गई।तीनों बच्चों की मौत एक ही समय पर होने और मुंह–नाक से खून निकलने की बात सामने आने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है।सीएचसी अधीक्षक धनंजय कुशवाहा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की चार सदस्यीय टीम गांव भेजी गई थी। किसी गंभीर बीमारी के स्पष्ट लक्षण नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।थाना प्रभारी सुरेंद्र भाटी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अखिलेश ने किया पुस्तक का विमोचन

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज दातागंज बदायूं जनपद के स्वतंत्र लेखक तथा समाजवादी सक्रिय विचारक प्रमोद कुमार यादव द्वारा लिखित पुस्तक 'सम्पूर्ण क्रांति के जननायक अखिलेश यादव' पीडीए सामाजिक न्याय की स्थापना, नागरिक जनतंत्र सबकी भागीदारी' भेंट की। प्रमोद कुमार यादव का कहना है कि सामाजिक समरसता और अन्याय के खिलाफ 2027 की लड़ाई लड़कर जंग जीतना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सपनों का प्रदेश बनाना है। 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। पीडीए के हथियार से भाजपा का सफाया करना है। अखिलेश यादव को पूर्व सांसद एच.टी. हसन ने मुरादाबाद निर्मित पीतल का कलश तथा कैंडल स्टैंड भेंट किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, सांसद पप्पू निषाद तथा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना इकबाल कादरी की उपस्थिति रही।

भाजपा महानगर के महिला मोर्चा एवं किसान मोर्चा की बैठक संपन्न

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। कैसरबाग स्थित भाजपा लखनऊ महानगर कार्यालय पर भाजपा लखनऊ महानगर की महिला मोर्चा एवं किसान मोर्चा की संगठनात्मक एवं परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने की साथ में महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सहित दोनों मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।